कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद।

दिनांक 04.10.2019

सार्वजनिक सूचना

न्यायालय परिसर, राजनगर, गाजियाबाद में दिनांक 01.11.2019 से 31.03.2020 तक की अवधि के लिए फ्रूट–चाट, कोल्ड ड्रिंक, फोटोग्राफी एंव फोटोस्टेट का ठेका छोड़े जाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो से दिनांक 19, अक्टूबर 2019 की सांय 04.00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। ठेका न्यायालय भवन, गाजियाबाद के सामने क्रमशः 30 X 14, 40 X 14, 20 X 14 एंव 20 X 14 फीट के स्थान में संचालित किया जायेगा।

निविदा सम्बन्धी शर्तें किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक जनपद न्यायालय, गाजियाबाद के नजारत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

निविदा के साथ जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद के पक्ष में देय रूपये 10,000/– (दस हजार) का बैंक डिमांड ड्राफ्ट/चैक/नकद दिनांक 19, अक्टूबर 2019 की सायं 04.00 बजे तक जमा करना होगा। उक्त निविदाएं उसी दिन सायं 05.00 बजे नीलाम समिति के समक्ष खोली जायेंगी।

अध्यक्ष नीलाम समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–01, गाजियाबाद।